निबंधन संख्या पी०टी०-40

सत्यमेव जयते

# बिहार गजट

## असाधारण अंक

## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

15 माघ 1930 (श०)

(सं० पटना 16) पटना, बुधवार, 4 फरवरी 2009

संख्या-एम०-4-07/08-667/वि(2),

वित्त विभाग

---

संकल्प

3 फरवरी 2009

**विषय : पुलिस बल में सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु गठित केन्द्रीय चयन पर्षद के अध्यक्ष को वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन।**

बिहार राज्य के पुलिस बल में सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु एक केन्द्रीय चयन पर्षद का गठन किया गया है, जिसके लिए बिहार पुलिस अधिनियम-2007 (अधिनियम-7, 2007) की धारा-55, सहपठित धारा-94 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत गृह(आरक्षी)विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-4/ब.-1-102/08-6843, दिनांक-11.08.08 द्वारा बिहार पुलिस हस्तक, 1978 के नियम 661(ख), 663(क), (ख), (ग) तथा (घ); बिहार पुलिस हस्तक 1978, खण्ड-III, परिशिष्ट-72 के क्रमांक-4 तथा परिशिष्ट-103 में आवश्यक संशोधन किया गया है।

उपरोक्त संशोधन के अनुरूप केन्द्रीय चयन पर्षद को सौंपे गए चयन संबंधी सभी कर्त्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन/संपादन के लिए राज्य सरकार ने पर्षद के अध्यक्ष पद पर अपर आरक्षी महानिदेशक/आरक्षी महानिरीक्षक स्तर के पदाधिकारी को पदस्थापित करने का निर्णय लिया है, जो पुलिस महानिदेशक के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करेंगे। परीक्षा/चयन संबंधित कार्यों के सफल संचालन हेतु उन्हें वित्तीय शक्तियाँ निम्न रूप से प्रदान की जाती हैः-

(*i*) विज्ञापन एवं निविदा प्रकाशन में होने वाले व्यय की पूर्ण शक्ति।

(*ii*) पाठ्यक्रम, आवेदन-पत्र आदि का मुद्रण में होने वाले व्यय की पूर्ण शक्ति।

(*iii*) आवेदन-पत्रों का वितरण, संकलन एवं कम्प्यूटरीकरण में पूर्ण शक्ति।

(*iv*) प्रश्न-पत्रों का चयन, मुद्रण, संकलन, सुरक्षित संग्रहण, वितरण इत्यादि गोपनीय कार्य में पूर्ण शक्ति।

(*v*) उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण, संकलन, सुरक्षित संग्रहण इत्यादि कार्य में पूर्ण शक्ति।

(*vi*) प्रश्न-पत्रों के मूल्यांकन में पूर्ण शक्ति।

(*vii*) परीक्षा फल का मुद्रण, प्रकाशन इत्यादि में पूर्ण शक्ति।

(*viii*) शारीरिक जांच एवं माप परीक्षा का संचालन में पूर्ण शक्ति।

(*ix*) परीक्षा संचालन के कम में विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा के निमित्त प्रतिनियुक्ति तथा वाहन के इंधन पर होने वाले व्यय इत्यादि तथा इनका अग्रिम भुगतान में पूर्ण शक्ति।

(*x*) परीक्षा के सफल संचालन हेतु विभिन्न स्तरों पर दिये जाने वाले मानदेय, भत्ते एवं अन्य भुगतान में पूर्ण शक्ति।

(*xi*) अनुबंध या फीस के आधार पर किए गए व्यवसायिक कार्य जैसे कि- विशेषज्ञ, कन्सल्टेंट, चार्टर्ड एकाउन्टेंट आदि की ली गई सेवाओं में व्यय की गई राशि के भुगतान में पूर्ण शक्ति।

(*xii*) पर्षद के संबंधित न्यायिक मामले, रिट याचिका पर आने वाले व्यय यथा अधिवक्ता एवं विधिक सलाहकार की फीस आदि के भुगतान में पूर्ण शक्ति।

(*xiii*) पर्षद के कार्यो से भ्रमण पर जाने वाले पदा0 एवं कर्मचारियों(अध्यक्ष सहित) को राज्य सरकार में अनुमान्य दर पर देय यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता के भुगतान में पूर्ण शक्ति।

(*xiv*) अन्य व्यय जो परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक हो, में पूर्ण शक्ति।

(*xv*) पर्षद के वाहनों की मरम्मति एवं रख रखाव के मामले में वित्त विभागीय परिपत्र संख्या-4082/वि(2) दिनांक-29.06.06 के अनुसार कार्रवाई करेंगे।

(*xvi*) कार्यालय व्यय के अन्तर्गत उपलब्ध राशि को बिहार वित्त(संशोधन)नियमावली, 2005 के प्रावधानों के अनुसार खर्च करेंगे।

**आदेश : आदेश दिया जाता है कि इसे बिहार राजपत्र के अगले असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाये।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
अरुनीश चावला,
अपर वित्त आयुक्त(व्यय)।

---

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 16-571+000-डी0टी0पी0।